स्मारिका

आम सभा - ७ फरवरी, १९९६

ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद, उ० प्र०
सत्य कर्म न्याय

ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

Scanned with OKEN Scanner

स्मारिका

आम सभा - ७ फरवरी, १९९६

ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद, उ० प्र०
सत्य कर्म न्याय

ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

Scanned with OKEN Scanner

स्मारिका

आम सभा – फरवरी ७, १९९९

ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

स्मारिका

सम्पादक की ओर से.....

प्रिय पाठकगण वर्ष 1999 कई अर्थों में अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं इतिहास में विशेष स्थान रखने वाला वर्ष है। 31 दिसम्बर 1998 को 999 वर्ष पूर्ण करके एक "मिलेनियम" को जहां एक ओर ऐतिहासिक बनाया है वहीं दूसरी ओर एक नये "मिलेनियम" में प्रवेश की आधारशिला रखी है इसी दिन एक सदी का अन्त हुआ है व विश्व 21वीं सदी में प्रवेश को तत्पर है। ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश, जिसकी परिकल्पना मई 1995 में कुछ साथियों द्वारा की गई थी, ने भी अपने तीन वर्ष से अधिक का समय पूर्ण कर लिया है। हम अपना द्वितीय अधिवेशन कर रहें हैं। ऐसे महत्वपूर्ण समय में हमें परिषद को और अधिक सुदृढ़ गतिशील, क्षमतावान व सही अर्थो में उद्देश्यपरक बनाने का संकल्प लेना है जिससे 21वीं सदी में प्रवेश करते समय हम इसे प्रभावशाली व लाभकारी बनाकर एक आदर्श स्थापित करने में सफल हो सकें।

विगत समय में परिषद ने अपने को बहुआयामी बनाने का सफल प्रयास किया है। इससे न केवल चुने हुऐ जन प्रतिनिधि, विधानसभा व विधानपरिषद सदस्यगण व लोकसभा तथा राज्य सभा सदस्यगण जुड़े हैं, वरन प्रगतिशील समाजसेवी व उद्योगपतियों ने भी परिषद को सहयोग प्रदान किया है। किसी भी समाज की प्रगति में इसके बुद्धिजीवियों का चिन्तन व मार्गदर्शन अत्यन्त महत्व रखता है। इस दृष्टिकोण से परिषद को अपना विस्तार करना आवश्यक है। यह तभी सम्भव है जबकि जो पात्र एवं अर्ह सदस्य अभी तक इससे जुड़े नहीं हैं उन्हें शीघ्रता से इससे नाता जोड़ने हेतु प्रेरित किया जाय। साथ ही परिषद को गांव, गरीब व किसान के उत्थान हेतु कल्याणकारी प्रयास करने के रास्तों को खोजना है।

कृषक परिवारों से कठिन संर्घष कर "जनसेवक" के रूप में आसीन अधिकारियों को यह विस्मृत नहीं करना चाहिए कि भारत एक विशाल एवं कृषि प्रधान देश है तथा देश की उन्नति कृषि को लाभकारी बनाने व ग्रामों को समृद्ध व खुशहाल बनाने में ही निहित है! यदि 21 वीं सदी में एक मजबूत भारत विश्व परिदृश्य पर उदित होता है तो उसकी कुंजी रोजगारपरक शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य व सुखी समृद्ध गॉवों में निहित है। कृषि का तेजी से

मशीनीकरण हो रहा है यह अत्यधिक वैज्ञानिक भी हो गयी है अतः कृषि में पूंजी निवेश क
बढ़ाना आवश्यक है। प्रति हेक्टेयर उत्पादन को तेजी से बढ़ाना होगा तभी बढ़ती जनसंख्य
की आवश्यकताओं की पूर्ति सम्भव हो सकेगी। कृषि को व्यवसायिक रूप प्रदान करना होगा
दुर्भाग्य से वर्तमान में प्राथमिकताएं अन्य क्षेत्रों को प्रदान की जा रही हैं जिससे उद्योग व कृ
का फासला बढ़ा है, जो कि अहितकर है। ग्रामों में लाभकारी लघु उद्योगों की स्थापना व
पुनीत कार्य व सोच समाप्त प्रायः सी है। इस कारण शहरों की ओर पलायन की प्रवृत्ति तेज
से बढ़ी है। इसी का दुष्परिणाम है कि शहरों का फैलाव विभिन्न नई समस्यायें पैदा कर र
है। बजट का अधिकांश भाग शहरों में प्रयोग हो रहा है इस दिशा व दशा को बदलने व
समय आ गया है, आइये संकीर्ण वादों से ऊपर उठकर अभिनव प्रयास में अपना सहयो
प्रदान करें व परिषद को समृद्ध व उपयोगी बनावें।

स्मारिका का द्वितीय अंक आपके बहुमूल्य सुझाव हेतु प्रस्तुत है। मै उन सभी लेख
का आभारी हूं जिन्होने अपने लेख प्रकाशन हेतु उपलब्ध करायें हैं। मै उनका भी आभ
अभिज्ञापित करता हूं जिन्होने इसके प्रकाशन से पूर्व इसमें सहयोग प्रदान किया। मैं वि
रूप से कु. पल्लवी सिंह का आभारी हूं जिन्होने अपनी कल्पनाशीलता से मुख्यपृष्ठ डिजा
कर इसे साकार रूप दिया है।

ई० राजबहादुर सिं
अधिशाषी अभियन्ता
लघु सिंचाई विभाग

18/373, इंदिरा नगर
लखनऊ

स्मृति-पत्र

1. संस्था का नाम : ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद।

2. संस्था का पता : ए 1/13, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

3. संस्था का कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश

4. उद्देश्य :—

1 उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र से आये अधिकारियों में आपसी भ्रातृभाव एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना।

2 ग्रामीण संस्कृति को पुनर्जीवित करना।

3 ग्रामीण संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना।

4 सदस्यों व उनके परिवारजनों में निहित प्रतिभा का विकास करना और इस सन्दर्भ में संगोष्ठी, वाद—विवाद, चित्रकला प्रतियोगितायें आयोजित करना।

5 ग्रामीण खेल यथा कबड्डी, कुश्ती, वालीवाल, तैराकी आदि का आयोजन एवं प्रोत्साहन करना।

6 ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिये प्रयास करना।

7 ग्रामीण समाज एवं अन्य समाजों के बीच भातृभाव की भावना को प्रोत्साहन देना तथा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना।

8 सदस्यों एवं परिवारजनों में जनसेवा के कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना एवं जवाबदेही की भावना को जागृत करना।

9 ऐसे कार्यक्रमों को अपनाना जिसके द्वारा सदस्यों के कल्याण के साथ—साथ जनकल्याण का लक्ष्य प्राप्त हो सके।

5 संस्था के पदाधिकारियों के नाम व पते जिन्हें संस्था के सदस्यों द्वारा उत्तरदायित्व सौंपा गया है हम हस्ताक्षरकर्ता घोषित करते हैं कि स्मृतिपत्र एवं सलंग्न नियमावली के अनुसार सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत एक समिति का गठन किया है।

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

क्र.सं.	नाम	धारित पद	व्यवसाय	पता
1	डा0 यशपाल सिंह	अध्यक्ष	सरकारी सेवारत अधिकारी	ए–6, दिलकुशा कालोनी, लखनऊ
2	श्री जयपाल सिंह	उपाध्यक्ष	सरकारी सेवानिवृत अधिकारी	12/638, इन्द्रानगर, लखनऊ
3	श्री जगजीत सिरोही	उपाध्यक्ष	सरकारी सेवारत अधिकारी	सी–3, निरालानगर, लखनऊ
4	श्री सुरेन्द कुमार वर्मा	महासचिव	सरकारी सेवारत अधिकारी	ए–1/9, विकासखण्ड, गोमतीनग लखनऊ
5	श्री अनिल राज कुमार सहरावत	सविच संगठन	सरकारी सेवारत अधिकारी	802, लाप्लास कालोनी, लखनऊ
6	श्री आर. एस. निर्वाण	सचिव वित्त	सरकारी सेवारत अधिकारी	उ० प्र० सहकारी बैंक, हजरतगंज,
7	डा. प्रमोद कुमार पवार	सचिव प्रचार	सरकारी सेवारत अधिकारी	सी–2, पशुपालन कालोनी फैजाबाद रोड, डालीगंज, लखनऊ
8	श्री ओम सिंह वर्मा	सचिव सांस्कृतिक	सरकारी सेवारत अधिकारी	
9	श्री महिपाल सिरोही	सम्प्रेक्षक	सरकारी सेवारत अधिकारी	805, लाप्लास कालोनी, लखनऊ
10	श्री आर. के. सरोहा	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	13/4, पी.डब्ल्यू.डी. कालोनी, जेल रोड, लखनऊ
11	डा. डी. पी. सिंह	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	जिलाधिकारी, गोण्डा
12	श्री महेन्द्र सिंह	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवानिवृत्त अधिकारी	डी–40, निरालानगर, लखनऊ
13	श्री कप्तान सिंह	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	21/2, कैनाल कालोनी, लखनऊ
14	श्री नरेन्द्र सिंह	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	5/84, तारा निवास, सदर बाजार लखनऊ
15	श्री विजय सिंह	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	74, रोहताश एन्क्लेव, फैजाबार रो लखनऊ
16	श्री बी. एस. ढाका	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	ए–30, शास्त्री नगर, मेरठ
17	श्री रघुवंश सिंह राणा	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	पी.टी.सी., मुरादाबाद
18	डॉ. नवाब सिंह	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवानिवृत्त अधिकारी	23–ए, आलोक नगर, आगरा
19	श्री प्रियव्रत आर्य	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	संयुक्त निदेशक (कृषि), मुरादाबाद
20	मेजर जनरल सोलंकी	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	24 बी–1, लाइन्स, मेरठ कैण्ट
21	श्री महक सिंह	सदस्य कार्यकारिणी	सरकारी सेवारत अधिकारी	बी–46, सेक्टर–इ, अलीगंज, लख

6. हम निम्नलिखित हस्ताक्षरकर्ता मिलकर उ० प्र० राज्य सेवा में सेवारत अधि सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत उक्त संस्था का पंजीकरण क चाहते हैं।

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

संख्या 1541 पत्रावली सं०-1-117363 दिनांक 5-7-96

सोसाइटी-रजिस्ट्रीकरण
का
प्रमाण-पत्र

(अधिनियम संख्या 21,1860 के अधीन)

संख्या 574 19 96 - 1997

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद, 2/19, विकास खण्ड गोमती नगर, लखनऊ

को आज उत्तर प्रदेश में अपनी प्रवृत्ति के संबंध में यथासंशोधित सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 ई० के अधीन सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत किया गया है। यह प्रमाण-पत्र 01-7-2001 तक विधिमान्य होगा।

आज दिनांक 02-7- उन्नीस सौ 96 को मेरे हस्ताक्षर से दिया गया।

सोसाइटी के रजिस्ट्रार,
उत्तर प्रदेश।

अध्यक्षीय सम्बोधन

परिषद ने स्थापना के तीन वर्ष से अधिक का समय पूर्ण किया है परन्तु यह अभी अपनी शैशव अवस्था में ही है क्योंकि इसका पंजीकरण जुलाई, 1996 में हुआ है। इस संस्था की स्थापना के निम्न उद्देश्य हैं :–

1. आपसी परिवारिक जानकारी प्राप्त कर भ्रातृभाव तथा सहयोग की भावना सृदृढ़ करना।
2. ग्रामीण संस्कृति की धरोहर को सुरक्षित रखना।
3. युवा वर्ग में प्रतिभा विकास की प्ररेणा जागृत करना।
4. ग्रामीण समाज में सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक विकास का प्रयास करना।
5. समाज में जन सेवा तथा राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतिपादन करना।
6. राजनीतिज्ञों, बुद्धिजिवियों तथा समाज़सेवियों के विचार तथा शासकीय कार्यक्रमों के बीच प्रभावी सेतु स्थापित करना।

ग्रामीण समाज कृषि प्रधान समाज है। जनसंख्या का 80 प्रतिशत भाग ग्रामीण अंचल में निवास करता है तथा लगभग 72 प्रतिशत जनसंख्या खेती पर निर्भर है। लेकिन कालान्तर में जोत का आकार घटने से अब 90 प्रतिशत किसान सीमान्त अथवा लघु कृषक की श्रेणी में आये हैं, जिनके पास कुल कृषि योग्य भूमि का 50 प्रतिशत भाग ही है और 73 प्रतिशत सीमान्त कृषक प्रायः सभी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। वैसे ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या के 31 प्रतिशत लोग ही मुख्य कर्मी है। और लगभग 22 प्रतिशत लोग कार्य के अभाव में फालतू हैं। ऐसी स्थिति में कम से कम जीविकोपार्जन उन्मुखी रोजगार सृजन की अत्यन्त आवश्यकता है।

हाल ही में शासन द्वारा सामाजिक क्षेत्र की आर्थिक उन्नति के लिए अधिकाधिक पूंजी निवेश पर बल दिया है परन्तु ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थापना सृजन जैसे– दूरसंचार, सड़क, परिवहन, चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, ऊर्जा तथा सामाजिक सुरक्षा आदि सुविधाओं को घोर अभाव है, जिसके कारण कृषि निवेश में भी आशातीत वृद्धि नहीं हो पा रही है। इस शताब्दी के छठे दशक में देश में जो हरित क्रन्ति का प्रादुर्भाव हुआ था अब जनसंख्या वृद्धि दर कृषि विकास (खाद्यान्न उत्पादन दर से) अधिक होने के कारण निकट भविष्य में खाद्यान्न संकट (पी–एल 480 के पुराने बादल पुनः मंडराने) की सम्भावना प्रबल होती जा रही है। विश्वीकरण (ग्लोबिलाइजेशन) एवम् आधुनिकीकरण नीति के अनुसरण से सामान्य कृषक की समस्याएं कहीं और जटिल व विषम न हो जाय इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि विदेशी बाजार में अपने कृषि उत्पादों को प्रतिस्पर्धी होने का असली मौका तभी प्राप्त होगा जबकि देशी बाजार में कृषि अवस्थापना सुविधाएं वृहद स्तर पर उपलब्ध करायी जायें जिससे वहां पूंजी निवेश बढ़ाने में मदद मिल सकें। इन सुविधाओं के सृजन तथा गरीबी उन्मूलन एवं रोजगारपरक योजनाओं के क्रि न्वयन का दायित्व स्थानीय स्तर पर समाज सेवी संस्थाओं को देना अधिक हितकर होगा क्योंकि वर्तमान में चालू

कार्यप्रणाली एवं पद्धति उतनी कारगर एवं विश्वसनीय नहीं रह गयी है जितनी कि अपेक्षा की जाती
कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता तथा स्थानीय लोगों के सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने से वहां की
में इन कार्यक्रमों के प्रति अधिक विश्वास जागृत हो सकेगा और सम्भव है कि वे इनमें पूर्ण सहयोग प्रदान

खेती में पूजी निवेश एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि, विपणन व्यवस्था पर अधिकांशतः निर्भर है। दुर्भ
कृषि एवं गैर कृषि उत्पाद के विगत 30–35 वर्ष के बाजार भावों की तुलना से ज्ञात होता है कि इस अवधि
उत्पादों का मूल्य 5 से 6 गुना तक बढ़ा है जबकि गैर कृषि उत्पादों का मूल्य 10 से 12 गुना बढ़ चुका है
भविष्य में भी कृषि उत्पादों के मूल्य में ठहराव की यही प्रवृत्ति जारी रही तो कृषि जो अभी तक अलाभक
लाचारी का पेशा रहा है, ग्रामीण समाज के लिए जीविकोपार्जन का यह एक मात्र विकल्प भी समाप्त हो
है। इससे कृषकों की आर्थिक स्थिति दयनीय होने के साथ–साथ राष्ट्र को भी इसके दूरगामी प्रतिकूल
भुगतने पड़ सकतें हैं क्योंकि कृषि उत्पाद के वृहद आयात से विदेशी मुद्रा की स्थिति अत्यन्त सोचनीय बन
है।

कृषि उत्पादों के मूल्य सरकार द्वारा परोक्ष रूप से नियंत्रित किए जाते हैं ताकि उपभोगताओं को अ
वस्तुओं के क्रय में मंहगाई का सामना न करना पड़े परन्तु इससे कृषकों को स्वतंत्र बाजार मूल्य के लाभ से
होना पड़ता है। यही कारण है कि देश के कृषकों की क्रय शक्ति काफी कम है, जिसका कृषि उत्पादक
प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः यह आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्रों अवस्थापना सुविधाओं का सरकारी र
सृजन तथा कृषि उत्पादों के मूल्यों का खुले बाजार में निर्धारण, स्थान बदलने (मूवमेन्ट) के नियंत्रण को
समाप्त कर "एक राष्ट्र एक बाजार" के सिद्धांत को अपनाना, कृषि निर्यात वृद्धि हेतु रियायती सुविधाएं बढ़ा
समर्थन मूल्य के क्षेत्र में उत्तरोत्तर (स्टेगर्ड) मूल्य सुविधा प्रदान करना तथा उपज ऋण प्रणाली लागू कर
उपायों पर गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

सिंचाई जैसी सुविधाओं को अवस्थापना की श्रेणी में सम्मिलित करते हुए भूगर्भ जल उपलब्धता के
निःशुल्क बोरिंग की योजना सभी क्षेत्रों में लागू करने की आवश्यकता है। जल रिचार्ज के वृहद स्तर की
उन क्षेत्रों के लिए क्रियान्वित की जायं जहां भूगर्भ जल स्तर तेजी से घटता जा रहा है। विगत 25 वर्षो के
के अध्ययन से विदित है कि प्रदेश के पश्चिमी एवं मध्य क्षेत्रों में औसत वर्षा में लगभग 40 तथा 25 प्रतिश
क्रमशः कमी आई हैं इसी कारण भूगर्भ जल स्तर भी पूर्व की अपेक्षा 25 से 30 फिट नीचे चला गया है। य
दशा रही तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सिंचाई का भारी संकट आ सकता है। भूगर्भ जल तथा सतही ज
वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर उसके कन्जकटिव यूज पर बल देने की भी आवश्यकता है।

ग्रामीण जीवन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए वहां शिक्षा का समुचित प्रबन्ध करना अनिवार्य है।
में छात्रों की शिक्षा किसी तरह से कराई जाती है परन्तु बालिकाओं की शिक्षा का अधिकांशतः अभाव ही है
कारण हमारी बहनें तथा बेटियां उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं और अनेक सामाजिक कुरीतियों का
बनती हैं। "लडका–लड़की एक समान" का सन्देश घर–घर ले जाना होगा और हमारे माननीय जनप्रतिनि

Scanned with OKEN Scanner

इस दिशा में विशेष प्रयास कर बालिकाओं की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने हेतु अवश्य प्रयास करेंगे, यह हमारा विश्वास है तभी लड़कियों का भारी ड्राप आऊट कम हो सकेगा और समाज समृद्धशाली बन सकेगा। आंकडों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में केवल 10 प्रतिशत महिलाएं ही घरेलू कार्य के अलावा अन्य प्रोडक्टिव कार्य कर पाती हैं। शेष 90 प्रतिशत महिलाएं किसी रेमिरनेटिव व्यवसाय से वंचित ही रहती हैं जिससे परिवार की आय का स्तर अत्यन्त सीमित बना रहता है। परन्तु शिक्षित होने के पश्चात् ऐसे व्यवसाय तलाश करना अपेक्षाकृत सरल हो सकता है। शिक्षा हेतु अधिक स्कूल, कालेज खोलने तथा शहरी एवं ग्रामीण शिक्षा के अन्तर को समाप्त करने हेतु गम्भीर प्रयास करने होंगे। उद्यमियों को क्रियाशील पूंजी उपलब्ध कराने के साथ–साथ उनके प्रशिक्षण तथा प्रबन्धकीय ज्ञानवर्धन हेतु ज्यादा प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना करना भी जरूरी है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम पर अधिक बल देने की आवश्यकता है।

ग्रामीण अंचल में ज्ञान एवं जानकारी के अभाव में युवा प्रतिभा का विकास नहीं हो पाता है। इसी कारण ग्रामीण पृष्ठिभूमि वाले युवाओं का सरकारी अथवा गैर सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व काफी कम है और वह भी लगातार घटता जा रहा है। जबकि ग्रामीण पृष्ठि–भूमि वाले अभ्यर्थियों को वहां की समस्याओं का ज्ञान बेहतर होता है। अतः इस के लिए प्रशासनिक और सामाजिक सेवाओं में आरक्षण पर बल देने की महती आवश्यकता है। सजातीय आरक्षण के मुद्दे को सभी स्तर पर आक्रामक ढंग से उठाना विचारणीय है।

ग्रामीण क्षेत्रीय अधिकारी कल्याण परिषद द्वारा उक्त सभी मुद्दों पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किए जायेगा और राजनीतिज्ञों, बुद्धिजीवियों तथा सामाज सेवी संस्थाओं में ज्ञान, सूचना एवं दिशा–निर्देशों का आदान–प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त शिक्षित बेरोजगारों तथा प्रतिभावान युवाओं को समुचित ज्ञान, विभिन्न क्षेत्रों व व्यवसायों की अनिवार्य सूचना तथा काउंसिलिंग की सुविधा प्रदान करने के बारे में कारगर कदम उठाये जाने प्रस्तावित है। इसमें परिषद के सदस्यों के अतिरिक्त समाज के सम्पन्नजनों तथा गैर प्रवासी भारतीयों से आर्थिक मदद एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। कुछ होनहार बच्चों को चिन्हित कर उनको उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करने का दायित्व भी इस संस्था के उद्देश्यों में से एक है ताकि समाज उनकी प्रतिभाओं से लाभान्वित हो सके।

विगत वर्षों में परिषद ने इन्ही उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्वयं को जनप्रतिनिधियों व उद्योगपतियों से जोड़ा है, सेमिनार आयोजित किए हैं परन्तु अभी बहुत कार्य करना शेष हैं। बिना मजबूत आर्थिक आधार के यह सब कार्य करना कठिन अवश्य है अतः इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आगामी वर्षों में अधिकाधिक "इन्टरेक्शन" करना होगा जिसके लिए विस्तृत विचार विमर्श की जरूरत है।

महीपाल सिरोही
एच. जे. एस.
अध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner

With best compliments from :

For Good Quality of Fertilizer
use
Single Super Phosphate
of Khaitan Brand of
16% P_2O_5

KHAITAN FERTILIZE
RAMPUR

(A Unit of Rampur Fertilizer)

Soraj Singh Khokar

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

महासचिव का सम्बोधन

समाज के परिपेक्ष में साथी अधिकारियों में सर्वहितः की भावना एवं कामना के साथ स्पष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु "ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद" का गठन सम्भव हुआ। परिषद का रजिस्ट्रेशन दिनांक 2.7.96 को होने के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा दिनांक 17.11.96 की आम सभा में परिषद की कार्यकारिणी का गठन/चयन कर परिषद के सुचारू कार्यकलापो हेतु दायित्वों का निर्वहन निर्धारित किया गया। पिछले दो वर्षो के कार्यकाल में परिषद की कार्यकरिणी द्वारा हर सम्भव यह प्रयास किया गया कि परिषद के उद्देश्यों की प्राप्ति में एक गति बनी रहे तथा परिषद का प्रत्येक सदस्य अपनी सहभागिता को आभासित कर सके। परिषद की सदस्यता केवल सेवारत/सेवा निवृत्त राजपत्रित अधिकारियों या उनके समकक्ष पदधारकों तक सीमित रक्खें जाने के कारण वर्तमान तक लगभग 250 सदस्य परिषद में नामांकित हुए तथा इसके अतिरिक्त अलगभग 150 सदस्य भावनात्मक रूप से परिषद से जुड़े हुए हैं, जिनकी विधिमान्य सदस्यता हेतु शीघ्र सम्पर्क कर सदस्यता ग्रहण कराते हुए परिषद में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने का काम किया जा रहा है।

किसी भी समाज की उन्नति के लिये उसकी मुख्य तीन इकाईयों की सहभागिता की आवश्यकता होती है। पूर्व में परिषद जो स्वयं में एक इकाई (प्रशासकीय अधिकारियों का समूह) है द्वारा समाज के राजनीतिज्ञों तथा उद्यमियों से सीधे तारतम्य बनाने, उसके विचारों द्वारा समाज की समस्याओं के निदान हेतु प्रयास करने तथा आपसी भाईचारा तथा सौहार्द स्थापित करने के उद्देश्य से दिनां 3.8.96 तथा दिनांक 17.11.96 में क्रमशः माननीय सांसदों तथा विधायकों को सम्मानित करने तथा दिनांक 7.6.97 को उद्यमियों को सम्मानित कर अपनों के बीच समाहित करने के उद्देश्य से समारोहों के आयोजन किये गये। उसी कड़ी में अक्टूबर 97 तथा अप्रेल 98 में प्रदेश के मंत्रियों तथा नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को अपने बीच बुलाकर उनके विचारों से अभिभूत होते हुए अतुल प्रेम की उसी श्रंखला में उन्हें भी समाहित करने का प्रयास किया गया।

आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक एवं औद्योगिक रूप से पिछड़े समाज की समस्याओं को चिन्हित करने प्रत्येक सेवा के मानकों को तय करने की दिशा में परिषद कार्यरत रही। परिषद द्वारा राजनैतिक औद्योगिक शैक्षिक एवं समाजिक सेवा के विशिष्ट व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विचार जनमानस के कार्यों में समाहित करने के उद्देश्य से सभी को एक मंच प्रदान किया गया। परन्तु व्यवस्था एवं तंत्र की सीमाओं के कारण मंच से उपलब्ध निष्कर्षों को क्रियान्वयन में समाहित कराने का कार्य परिषद द्वारा सम्भव न हो सका। फिर भी यह हर्ष का विषय है कि अपनी छोटी सी आयु में परिषद समाज के सभी अंगों से वैचारिक स्तर पर जुड़ने तथा अपनी पहचान अपने कार्यकलापों के अधार पर प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों में स्थापित करने में सफल रही है।

सरकारी अधिकारी के रूप में राजनैतिक तथा उद्यमियों को जानने–समझने तथा जनकल्याण की भावनाओं को उन सभी तक पहुंचाने का प्रयास कभी न कभी सभी अधिकारियों द्वारा किया जाता है। परन्तु एक समाज विशेष के उत्थान के लिये इस प्रकार का सामूहिक प्रयास अपने में एक इतिहास का सृजन होगा। परिषद समाज के उन सभी कर्णधारों जिन्होने अपनी ग्रामीण पृष्ठ भूमि से ऊपर उठकर अपनी मेहन, लगन व कर्मठता से स्थान बनाया है को एक सूत्र में पिरोने

के कार्य पर गम्भीरता से अग्रसित रहेगी। प्रयत्न यही होगा कि आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक एवं औद्योगिक मानव समाहित कर, समस्याओं को चिन्हित किया जाये तथा सामयिक समाधान ढूंढा जाये। परिषद आप सभी के सहयो आशीर्वाद से सकारात्मक प्रयास करने को कृत संकल्प है।

समाज एक ओर जहां आर्थिक तथा शैक्षिक रूप से पिछड़ा है वहीं उद्यमिता विकास में शून्य की स्थित नव युवकों को जहां दिशा नहीं मिल पा रही हैं वहीं आधारभूत सुविधाओं का अभाव भी है। उद्यमिता विकास में यदि दिशा प्रदान कर सकेगी तो समाज के कल्याण में यह एक प्रभावी योगदान होगा। उद्यमियों का सहयोग परि उद्देश्य प्राप्ति में एक मील का पत्थर साबित होगा। वर्तमान व्यवस्था में नीति निर्धारण तथा क्रियान्वयन में सम भूमिका की समीक्षा करनी होगी। पूर्व के समय से यदि तुलना की जाये तो नीति निर्धारण (राजनीति) तथा क्रियान समाज की भागीदारी बढ़ने के बजाये घटती ही जा रही है। जहां एक ओर राजनैतिक चेतना तथा एक जु आवश्यकता प्रतीत होती है वहीं क्रियान्वयन मशीनरी के रूप में समाज के नव युवकों की भागीदारी सरकारी सेवक में घटती ही जा रही है। ऐसे नवयुवकों को चिन्हित कर (जो प्रतिभाशाली हो, आर्थिक रूप से पिछड़े हों) उन्हें दिश की जाये, यदि आवश्यकता हो तो एंडवान्सड – स्टडीज के लिये रास्ता बताते हुए आर्थिक मदद भी किये ज आवश्यकता है। परिषद प्रतिवर्ष 10 प्रतिभाशाली छात्रों को पूर्ण रूपेण छाट कर, उन्हें वर्तमान व्यवस्था में समुचि पर पदस्थापित कराने का प्रयास करेगी। धनाभाव इस महत्वपूर्ण उद्देश्य तथा अन्य सामयिक उद्देश्यों की प्राप्ति अवरोध बनेगा, जिसका समाधान भी किया जाना आवश्यक होगा।

परिषद के गठन की आवश्यकता पर प्रकाश पूर्व में डाल चुका हूं। परिषद के उद्देश्य काफी वृहद व है, फिर भी मुख्य उद्देश्य भ्रातृत्व भावना को जागृत करना, सौहार्द व प्रेम को बढ़ाना, एक दूसरे को और करीब हुए समाज के प्रबुद्ध गणमान्य तथा अग्रणी महानुभावों की पहचान कर सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य परिषद ने अविश्वमरिणीय कार्य कर दिखाया है। भविष्य में भी प्रत्येक क्षेत्र में प्रतिभा सम्पन्न महानुभावों को सम्मा हुए उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने का प्रयास जारी रखा जायेगा, ताकि उनका अनुभव व आशीर्वाद के लिए उन्नति का सम्बल बने। उपरोक्त के अतिरिक्त परिषद की कार्यकरिणी द्वारा परिवार परिचय नामक वैचारिक सम्पर्क स्थापित कर उनके विचारों को परिषद के उत्थान में समाहित करने का प्रयास किया गया । माह 98 में आगरा मथुरा, मेरठ तथा अलीगढ़ में बैठकें कर वहां समाज के कार्यकलापों तथा अपने विचारो को समायो का प्रयास क्रिया गया। भाविष्य में ऐसे अन्य कार्यक्रमों को अपनाया जायेगा जिसके द्वारा सदस्यों के क साथ–साथ जनकल्याण का लक्ष्य भी प्राप्त हो सके।

बदली हुई मान्यताओं तथापरिस्थितियों में अपने सुदृढ़ आचरण, प्रभावी क्रियान्वयन तथा विश्वास की साथ समाज उत्थान के कार्य में पुनः जुटना होगा। परिषद अपने स्पष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति में आने वाले कि को पार कर मंजिल पर पहुचेगी तथा दूसरों के लिये मार्ग दर्शक बनेंगी। ऐसा मेरा विस्वास है।

धन्यवाद

एस० व

महा

ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद,
उ० प्र०, लखनऊ

आय व्यय का विवरण

(अ) **कुल प्राप्तियाँ (31.12.1998 तक)**

1.	17.11.1996 का अवशेष	=	रु०	1,09,392.25
2.	उपरोक्त के बाद दिनांक 3.12.98 तक सदस्यता शुल्क द्वारा	=	रु०	1,16,000.00
3.	ब्याज द्वारा	=	रु०	22,607.75
4.	17.11.96 की स्मारिका प्रकाशन में विज्ञापन द्वारा	=	रु०	13,500.00
	योग	=	रु०	**02,61,500.00**

(ब) **कुल व्यय (17.11.1996 से 31.12.98 तक)**

1.	स्मारिका 96 का प्रकाशन	=	रु०	14,800.00
2.	स्टेशनरी व्यय (10.2.97 तक)	=	रु०	2,000.00
3.	स्टेशनरी व्यय (5.7.97 तक)	=	रु०	2,000.00
4.	दूरभाष निर्देशिका 14.6.97 (प्रथम संस्करण)	=	रु०	6,000.00
5.	सी० एस० आई० समारोह का व्यय दिनांक 5.7.97	=	रु०	5,772.00
6.	सेमीनार (गन्ना संस्थान)	=	रु०	1,500.00
7.	स्टेशनरी व्यय 27.4.98 तक	=	रु०	2,700.00
8.	दूरभाष निर्देशिका (द्वितीय संस्करण)	=	रु०	6,500.00
9.	स्टेशनरी व्यय 31.12.98 तक	=	रु०	3,500.00
10.	दिनांक 8.6.97 के समारोह हेतु प्रतीक चिन्ह, स्टेज, फोटोग्राफी पर व्यय	=	रु०	4,600.00
11.	दिनांक 26.4.98 के समारोह पर प्रतीक चिन्ह, स्टेज, फोटोग्राफी पर व्यय	=	रु०	4,800.00
12.	होली मिलन, दीपावली मिलन, पिकनिक आदि पर स्थल आरक्षण आदि पर व्यय	=	रु०	3,200.00
	कुल व्यय	=	रु०	57,372.00

Scanned with OKEN Scanner

(स) बैलेंस

कुल प्राप्तियां	=	रु0	2,61,500.00
कुल व्यय	=	रु०	57,372.00
अवशेष	=	**रु0**	**2,04,128.00**
बैंक में जमा एफ०डी० के रूप में	=	रु०	1,80,000.00
सेविंग एकाउंट तथा कैश इनटैंडं	=	रु०	24,128.00

sd
राज बहादुर सिंह
सम्प्रेक्षक

sd
डा० पी० के० पंवार
सचिव (वित्त)

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

नवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि एवं ग्रामीण विकास की रणनीति विषय पर ग्रामीण क्षेत्र अधिकारी कल्याण परिषद द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी की संस्तुतियाँ

प्रथम सत्र

कृषि विकास रणनीति –

प्रथम सत्र में कृषि विकास की रणनीति पर चर्चा की गयी। सर्वप्रथम प्रो० अजीत कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश में कृषि विकास की प्रवृत्तियों पर अपना शोध प्रपत्र प्रस्तुत किया। प्रो० सिंह ने इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया कि सत्तर एवं अस्सी के दशक में उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादन के क्षेत्र में संतोषजनक प्रगति हुयी थी, लेकिन नब्बे के दशक में कृषि विकास के क्षेत्र में शिथिलता आयी है जो एक चिन्ता का विषय है। प्रो० सिह ने यह बताया कि 1969–85 के बीच प्रदेश में खाद्यान्न का मात्र 3.64 प्रतिशत प्रति वर्ष की गति से बढ़ा था। लेकिन यह वृद्धि दर 1985–90 की बीच घटकर 2.66 प्रतिशत प्रति वर्ष हो गई और 1990–95 की अवधि में खाद्यान उत्पादन में मात्र 1.76 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि हुयी थी, जो प्रदेश की जनसंख्या की वर्तमान वृद्धि दर से भी कम है। कृषि क्षेत्र की हाल के वर्षों में असंतोष जनक प्राप्ति के कारणों की व्याख्या करते हुये प्रो० सिंह ने इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया कि 1985 के पश्चात कृषि क्षेत्र में निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश में कमी हुई है और सिंचाई क्षमता की वृद्धि दर में कमी आयी है। कृषकों को व्यापरिक बैंकों के माध्यम से ऋण की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराया गया है। दूसरी ओर उर्वरकों के मूल्य में तीव्र वृद्धि की घोषणा के फलस्वरूप उर्वरकों के प्रयोग में कमी आयी हैं। कृषकों को व्यापारिक बैंकों के माध्यम से ऋण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराया गया है। दूसरी ओर उर्वरकों के मूल्य में तगड़ी वृद्धि की घोषणा के फलस्वरूप उर्वरकों के प्रयोग में कमी आयी, जिसका कृषि उत्पादन की वृद्धि पर स्पष्ट प्रभाव पड़ा। प्रो० सिंह ने इस बात पर भी बल दिया कि उत्तर प्रदेश में अधिकांश कृषक सीमान्त और लघु कृषकों की श्रेणी में है और उनकी जोत अनार्थिक है।

विकसित राज्यों से उत्तर प्रदेश में कृषि की तुलना करते हुये प्रो० सिंह ने यह मत रखा कि वर्तमान तकनीक के आधार पर भी उत्तर प्रदेश में कृषि विकास की पर्याप्त सम्भावनायें है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश में 1994–95 में चावल की औसत उपज 1867 किलोग्राम प्रति एकड़ थी और गेहू की औसत उपज 2508 किलोग्राम। जबकि पंजाब में इन फसलों की औसत उपज क्रमशः 3383 किलोग्राम और 4090 किलोग्राम प्रति एकड़ थी।

डा० सिंह ने प्रदेश के कृषि के तकनीकी पिछड़ेपन को दूर करने के अनेक सुझाव रखे, जिन पर संगोष्ठी में विस्तृत विचार विमर्श हुआ। इस विचार विमर्श में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष बल दिया गया।

1. यद्यपि उदारीकरण की नीतियों के द्वारा कृषि व अन्य क्षेत्रों में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, फिर

Scanned with OKEN Scanner

भी कृषि के पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुये नवीं पंचवर्षीय योजना में भी राज्य सरकार को एक भूमिका निभानी है। सिंचाई, ग्रामीण अवस्थापना, कृषि शोध व प्रसार आदि के क्षेत्र में सार्वजनिक व नि को मिलजुल कर कार्य करना होगा।

2. विशेषरूप से सीमानत और लघु किसानों की कठिनाइयों को दूर करने के प्रयास करने होंगे। ताकि उन्ह खाद उन्नत बीज व अन्य साधन समय से और उचित मूल्यों पर उपलब्ध कराये जा सकें।

3. उर्वरक, खाद्यान्न, सिंचाई आदि पर दिये जाने वाले अनुदानों के सम्बन्ध में एक सम्यक नीति आवश्यकता है। इन अनुदानों को दीर्घकाल में ही समाप्त किया जा सकता है, अन्यथा कृषि की नि हानिकारक प्रभाव पडेगा।

4. उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में क्षेत्रीय व जिले के स्तर पर काफी असमानतायें है, जिनको दूर करने के प्रय होंगे। यद्यपि पश्चमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिले तुलनात्मक रूप से कृषि के क्षेत्र में अधिक विकसित हैं यहां भी कृषि विकास के विशेष प्रयत्न आवश्यक है, क्योंकि इन जिलों में भी अधिकांश कृषि जोतें अन गयी है।

5. कृषि अनुसंधान को विशेष बल देने की आवश्यकता है, जिससे प्रत्येक क्षेत्र की स्थिति के अनुरूप तकनीकी पैकेज का विकास किया जा सके। इस सम्बन्ध में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक, पृथक कृ विद्यालय की स्थापना की आवश्यकता है।

6. कृषि विकास में प्रसार सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, ताकि शोध और फार्म पर उसके प्रयोग के कम किया जा सके। कृषि विभाग का एक विस्तृत प्रशासनिक ढांचा प्रसार सेवा के लिये उपलब्ध उसके कार्य–कलाप की गुणवत्ता आवश्यकतानुरूप नहीं रही है। इस प्रसार व्यवस्था को अधिक उपयोगी बनाने के लिये यह उचित होगा कि कृषि विद्यालयों को प्रसार के लिये उत्तरदायी बनाया कृषकों तथा कृषि विश्वविद्यालयों के सम्बन्धों को प्रगाढ़ किया जाये।

7. कृषि क्षेत्र में आय व रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए कृषि विविधीकरण की आवश्यकता है। प्रदान करने वाली फसलों यथा फल, शाक सब्जी, फूल को बढ़ावा देने के लिये सरकार को आवश्य उठाने चाहियें। इसके लिये वांछित शोध, प्रसार, अवस्थापना, बाज़ार, व्यवस्था आदि के क्षेत्र में प्रयास क इस सम्बन्ध में यह ध्यान रखने की बात है कि ऐसे संगठनात्मक कदम उठायें जिससे छोटे कृषकों व प्रकार की खेती का पर्याप्त लाभ मिल सके तथा केवल बड़े कृषकों, व्यापरियों और अन्तराष्ट्रीय कम्पनियों तक कृषि परिवर्तन के लाभ सीमित न रहें। उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में कृषकों सामूहिक संगठनों की स्थापना की आवश्यकता है।, जिसके लिए राज्य सरकार को उपयुक्त कद चाहिए।

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

द्वितीय सत्र

प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, उपलब्ध संसाधनों के दक्षतापूर्ण उपयोग व प्रबन्ध व्यवस्था में सुधार :

सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा उपयोग पर इं० कप्तान सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 1953–54 में प्रदेश में शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल 159.5 लाख हेक्टेयर था। यह वर्ष 1992 तक 171.1 लाख हेक्टेयर हो गया, जो अगले दशक तक 197.0 लाख हेक्टेयर तक हो सकता है। जबकि आकलन के अनुसार सन् 2000 में खाद्यान्न की आवश्यकता वर्ष 1991 की तुलना में दुगुनी होगी। वर्तमान सिंचाई साधनों से बोये गये क्षेत्र का 60 प्रतिशत सींचा जाता है। खाद्यान्न की आवश्यकता की प्रतिपूर्ति के लिए सन् 2021 में बोये गये क्षेत्र का 200 प्रतिशत सिंचित होना आवश्यक है। इं० कप्तान सिंह द्वारा प्रस्तुत पेपर पर सत्र में हुई चर्चा के बाद निम्न मुख्य बिन्दु संज्ञान में लाये गये :–

1. सम्पूर्ण प्रदेश का बेसिन/सब–बेसिन वार, बड़ी, मझली तथा लघु सिंचाई योजनाओं हेतु विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए।
2. बड़ी, मझली तथा लघु योजनाओं में प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्रफल तथा स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अनुपात तय किया जाए।
3. सतही तथा भू जल के प्रयोग में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा व्यवहारिकता का समावेश किया जाय।
4. राष्ट्रीय जल नीति 1986 का प्रदेश में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।
5. यू०पी० कैनाल एवं ड्रेनेज एक्ट, यू०पी० ट्यूबवेल एक्ट, यू०पी० माइनर इरीगेशन वर्क्स एक्ट 1920 तथा यू० पी० प्राइवेट इरीगेशन एक्ट 1920 अब काफी पुराने हो चुके हैं। भू–जल तथा सतही जल के उपयोग को ध्यान में रखते हुए सभी एक्टों को पुनरीक्षित एवं संशोधित किया जाए।
6. जल संसाधन मंत्रालय अथवा परिषद का गठन प्रदेश स्तर पर केन्द्र सरकार की भॉति किया जाए, जिसकी शाखाओं का विस्तार जनपद स्तर तक रखा जाए।
7. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भू–गर्भ जल स्तर के लगातार गिरने से पूर्व में स्थापित नलकूप या तो फेल हो गये हैं या फिर फेल होने की दशा में हैं। इस समस्या के निदान हेतु सबमर्सेबिल पम्प के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए। सबमर्सेबिल पम्पों पर लघु एवं सीमान्त कृषकों को अनुदान उपलब्ध कराया जाए। फेल हुए बोरिगों को प्रदेश सरकार द्वारा शत् प्रतिशत अनुदानों पर, दुबारा कराने की कार्यवाही की जाए।
8. भू–गर्भ के सम्पूर्ण प्रदेश में लगातार गिर रहे स्तर के कारण, भू–गर्भ जल के दोहन पर कार्यनीति बनाते हुए भू–गर्भ जल रिचार्ज की योजनाओं का शासन द्वारा शत् प्रतिशत अनुदान के द्वारा प्राथमिकता पर क्रियान्वयन कराया जाए।

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

तृतीय सत्र

नवीं पंचवर्षीय योजना में निजी लघु सिंचाई योजना की प्राथमिकता, समीक्षा तथा सम्भावनाओं पर विचार :

इं० राज बहादुर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा प्रदेश में बोये गये क्षेत्रफल, औसत वर्षा तथा सिंचाई के उपलब्ध साधनों के तथ्यात्मक आंकड़े उपलब्ध कराते हुए यह बताया गया कि शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का लगभग 60 प्रतिशत भाग ही सिंचित है। जिसमें 40 प्रतिशत सिंचाई सतही जल का उपयोग करते हुए नहरों द्वारा तथा 60 प्रतिशत सिंचाई भू–गर्भ जल का उपयोग करते हुए नलकूपों द्वारा सम्भव हो पा रही है। कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए यह आवश्यक है कि सतही वेस्ट वाटर का प्रभावी उपयोग किया जाये, साथ ही भू–गर्भ जल का प्रयोग तकनीकी माप दण्डों के अनुसार प्रयोग किया जाये। नवीं पंचवर्षीय योजाना में लघु सिंचाई योजनाओं को प्राथमिकता दी जाये। क्योंकि यह योजनायें सस्ती हैं तथा इनके क्रियान्वयन में काफी कम समय लगता है। गोष्ठी में हुए विचार–विमर्श के उपरान्त निम्न बिन्दु प्रकाश में आये :

1. नलकूपों के मध्य में निर्धारित दूरी का कड़ाई से पालन, लघु सिंचाई एक्ट बनाते हुए कराया जाये।
2. शासन द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे व्यक्तिगत नलकपों पर अनुदान की सीमाओं को वर्तमान परिस्थितियों में संशोधित किया जाये।
3. उथले बोरिंगों के स्थान पर भू–गर्भ जल स्तर में आ रही लगातार गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए द्वितीय स्ट्रेटा में गहरी बोरिंग सम्पादित कराई जाये।
4. भू–गर्भ जल के प्रयोग को और तकनीकी बनाया जाए तथा स्प्रिंकलर एवं ड्रिप इरीगेशन के साधनों के प्रचार –प्रसार पर और ध्यान देते हुइ इन्हें शत्–प्रतिशत अनुदान पर लघु सीमान्त कृषकों को उपलब्ध करया जाये।
5. जलागम क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण करते हुए समेकित एकीकृत विकास की योजनाओं को लागू किया जाये।
6. बिजली की कम उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक ऊर्जा के अन्य श्रोतों सें सिंचाई संसाधनों को संचालित किया जाये।

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

ग्रामीण विकास से सम्बन्धित कुछ मूलभूत विचारणीय बिन्दु

1. जनसंख्या / प्रतिभा पलायन :

क. ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ेपन के कारण गांव से शहर की ओर जनसंख्या का निरन्तर पलायन हो रहा है। अध्ययन एवं विशलेषण से विभिन्न दशकों में, वर्ष 1961 को आधार मानते हुए, शहरी जनसंख्या में विभिन्न श्रोतों से वृद्धि का विवरण निम्नानुसार है।

क्रम० सं०	वर्ष	स्थानीय वृद्धि		ग्रामीण क्षेत्र से पलायन के कारण वृद्धि		कुल वृद्धि
		संख्या करोड़	कुल का प्रतिशत	संख्या करोड़	कुल का प्रतिशत	संख्या करोड़
1	1961–71	1.69	65.33	1.04	34.67	3.00
2	1971–81	2.46	48.23	2.64	51.77	5.10
3	1981–91	2.90	50.34	2.86	49.66	5.76
		7.32	52.81	6.54	47.19	13.86

इस प्रकार गत तीन दशकों में शहरी जनसंख्या में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि ग्रामीण क्षेत्र से पलायन के कारण हुई है। इससे देश के समक्ष गम्भीर समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र से शिक्षित, सम्पन्न एवं महत्वाकांक्षी लोग शहर की ओर आ रहें हैं फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक हानि हो रही है। प्रतिभा फलायन से स्वाभाविक विकास कुप्रभावित हो रहा है श्रमशक्ति के पलायन से कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। कारीगरों के शहर आने से स्थानीय कुटीर धन्धे कुप्रभावित हो रहे हैं। शहरों के आर्थिक व सामाजिक क्षेत्रों पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है। शहरों में गन्दी बस्तियों का विस्तार हो रहा है।

ख. यदि देश हित में पलायन की समस्या का निदान करना है तो ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक व सामाजिक सुविधाओं का आधारभूत ढांचा त्वरित गति से खड़ा करना होगा ताकि सामाजिक सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध हो सकें, गांव में ही आर्थक विकास के अवसर उपलब्ध हो सकें और गाव के आदमी को शहर की ओर न भागना पड़े।

2 सिकुड़ता आर्थिक तंत्र :

क. हम सभी जानते हैं कि भूमि का क्षेत्रफल निश्चित एवं सीमित है। जैसे जैसे जनसंख्या बढ़ती है प्रति व्यक्ति जमीन की उपलब्धि कम होती जाती है और भविष्य में भी होती रहेगी। किसी भी व्यक्ति की भूमि 25–30 वर्ष

पश्चात् उसके पुत्रों में वितरित होने पर प्रति व्यक्ति आधी या तिहाई रह जाएगी। वर्ष 70–71 में देश में प्रति परिवार 2.28 हेक्टेयर कृषि भूमि थी जो कि वर्ष 85–86 में घटकर 1.68 हेक्टेयर रह गई। वर्ष 1947 में प्रति व्यक्ति कृषि भूमि की उपलब्धि लगभग 1.2 हेक्टेयर थी जो वर्ष 80–81 में घटकर 0.3 हेक्टेयर रह गई। इसके विपरीत शहरी क्षेत्र में स्थिति भिन्न है। व्यवसाय बढ़ने के अवसर जनसंख्या में वृद्धि के साथ बढ़ते हैं। यह देखने में आया है कि जहां शहरी गैर कृषि क्षेत्र का अर्थतन्त्र जनसंख्या वृद्धि के साथ विस्तार पाता है कृषि क्षेत्र का अर्थतंत्र सिकुड़ता है।

ख. अतः यह आवश्यक है कि आर्थिक विकास के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाते समय इस मूलभूत अन्तर को ध्यान में रखा जाए।

3. कृषि का पिछड़ापन :

क. भारत प्राकृतिक दृष्टि से कृषि क्षेत्र में बहुत सौभाग्यशाली है। देश के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 60.87 प्रतिशत भाग कृषि के अर्न्तगत है, जबकि एशिया का औसत 42.17 प्रतिशत और विश्व का प्रतिशत 4.89 ही है। इसके अतिरिक्त अपने देश में यदि सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो तो बारह महीने फसलें उगाई जा सकती हैं जबकि अधिकांश देशों में जाड़ों में बर्फ जमी रहती है, परन्तु इसके बावजूद हमारे देश की कृषि उत्पादकता अन्य देशों की तुलमा में कम है। वर्ष 86–87 में भारत में खाद्यान्न की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 1.6 टन थी जबकि एशिया में 2.47 टन तथा विश्व की उत्पादकता 2.55 टन थी। यही नहीं अधिकतम उत्पादकता जापान में 0.85 टन प्रति हैक्टेयर थी। किसान की गरीबी, पूजी का अभाव, सहयोगी इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, कृषि मे भौगोलिक स्थिति के अनुसार विविधता का न होना आदि कम उत्पादन के मूल कारण हैं। राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान विभिन्न वर्षो में 60 से 30 प्रतिशत रहा है जबकि पूंजी निवेश में उसका अंशदान 18.3 से 12 प्रतिशत के बीच रहा है। देश में आज भी अनेक गांव ऐसे हैं जिनके 5 कि0मी० के अन्दर कोई पक्की सड़क नहीं है, मण्डी नहीं है, न गोदाम है, न वेयर हाउसिंग की सुविधा। सिंचाई सुविधाओं की कमी है। बिजली की उपलब्धि बहुत कम है।

ख. ऐसा अनुमान किया जाता है कि देश में लगभग 2.9 करोड़ हेक्टेयर भूमि बिना बोई या बंजर है। परन्तु यह का भूमिहीन छोटे किसानों की सामर्थ्य से बाहर हैं कि इसे प्राप्त कर कृषि योग्य बनाये।

ग. किसान की आय उपजों के मूल्य और कृषि संसाधनों तथा अन्य सामान के मूल्यों के संतुलन पर निर्भर करत है। दुर्भाग्यवश यह सन्तुलन ऋणात्मक रहा है। और उपज के मूल्यों की तुलना में किसान द्वारा क्रय किया जा वाले सामान के मूल्यों में तुलनात्मक रूप से अधिक वृद्धि होती रही है। अतः कृषि क्षेत्र में लगे लोगों की अ गैर कृषि क्षेत्र में लगे लोगों की आय से कम है और यह अन्तर बढ़ता ही जा रहा है। एक मोटे अनुमान अनुसार विभिन्न दशकों में कृषि क्षेत्र और गैर कृषि क्षेत्र में वर्ष 80–81 के मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय/उत्प की स्थिति निम्नानुसार आती है :–

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

	वर्ष	कृषि क्षेत्र प्रति व्यक्ति वार्षिक आय / उत्पाद रु०	गैर कृषि क्षेत्र प्रति व्यक्ति वार्षिक आय / उत्पाद रु०
1	1961	912.00	4054.00
2	1971	926.00	4645.00
3	1981	981.00	4896.00
4.	1991	1087.00	6672.00

घ. कृषि उपजों के मूल्यों में असन्तुलन को समाप्त कर, कृषि क्षेत्र का पिछड़ापन दूर कर, कृषि का विस्तार कर, व्यवसायिक विधायें / कार्यों का विस्तार कर, वितरण एवं विपणन व्यवस्था कर, पशु संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर कृषि व्यवस्था को सुधारा जा सकता है।

4. शिक्षा की स्थिति :

क. वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार देश में शिक्षा की स्थिति निम्नानुसार है :–

	ग्रामीण क्षेत्र	शहरी क्षेत्र	कुल
पुरुष	57.87 प्रतिशत	81.86 प्रतिशत	64.13 प्रतिशत
महिलाएं	30.62 प्रतिशत	64.35 प्रतिशत	39.29 प्रतिशत
औसत	44.69 प्रतिशत	73.08 प्रतिशत	52.21 प्रतिशत

स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षित लोगों की संख्या कम है। देश में कुल 40.55 करोड़ लोग अशिक्षित हैं इनमें से 34.77 करोड़ लोग ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं। ज्यों–ज्यों उच्चतर स्तर पर जाते हैं त्यों–त्यों ग्रामीण क्षेत्र का भाग घटता जाता हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार किया जाए तथा उसके प्रबन्ध में सुधार कर उसे व्यवहारिक बनाया जाए।

5. बेरोजगारी :

क. अप्रैल 1992 में देश में बेरोजगार लोगों की संख्या लगभग 230 लाख थी। अनुमान के अनुसार आठवीं योजना काल तथा 1970–2000 की तुलना में क्रमशः 350 लाख और 360 लाख अतिरिक्त श्रमशक्ति सृजित होने की सम्भावना है। इस प्रकार इस दशक के अन्त में बेरोजगार लोगों की संख्या 940 लाख हो जाएगी जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्र से होंगे। इस समस्या के निदान के लिए 90 से 100 लाख प्रति वर्ष की दर से रोजगार के अवसर सृजित करने होंगे।

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

ख. यह भी उल्लेखनीय है कि औद्योगिक एवं विर्निमाण के क्षेत्र में रोजगार की वृद्धि दर उत्पादन के परिपे अत्यन्त धीमी रही है। वर्ष 1975–76 से 1985–86 की अवधि में पंजीकृत औद्योगिक इकाईयों में रोजग वृद्धि दर 1.65 प्रतिशत रही जबकि उत्पादन की वृद्धि दर 7.31 प्रतिशत रही। इसी प्रकार विर्निमाण के वर्ष 75–76 में प्रति लाख विनियोजन पर 2.28 व्यक्ति कार्यरत थे। वर्ष 80–81 में यह संख्या घटकर 1.8 वर्ष 86–87 में 0.66 रह गई।

ग. आय का वितरण भी विषमतापूर्ण रहा। कृषि क्षेत्र में जहां 70 प्रतिशत कार्मिक हैं आय की वृद्धि 25 प्रतिशत विर्निमाण क्षेत्र में जहां 9 प्रतिशत कार्मिक लगे हैं आय की बृद्धि 138 प्रतिशत हुई। स्पष्ट है कि कृषि कार्मिकों का अधिक उपयोग तथा कम उत्पादकता है।

घ. इस भयावह स्थिति के निराकरण के लिए आवश्यक है कि कृषि क्षेत्र का विस्तार किया जाए, गांव में व्यवस विघायन कार्यो का जाल फैलाया जाए, ग्रामीण क्षेत्र में कुटीर उद्योग धन्धों का विस्तार किया जाए।

6. आरक्षण :

क. सरकार के द्वारा शिक्षण संस्थाओं एवं राजकीय सेवाओं में आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के आरक्षण की व्यवस्था की गई हे। इस नीति को और अधिक व्यापक एवं व्यवहारिक बनाने की आवश्य है।ताकि अन्य खेती करने वाले वर्गो को भी इसका लाभ मिल सके।

7. जवाबदेह प्रशासन :

क. प्रजातंत्र में प्रभुसत्ता यद्यपि आम आदमी में निहित होती है तथापि शासन एवं प्रशासन इस प्रभुसत्ता से अधि पाकर अपने अपने क्षेत्रों में उत्तरदायित्व का वहन करता है। वस्तुतः शासन व प्रशासन आम आदमी के जवाबदेह हैं। परन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं है। आज प्रशासन तंत्र के सामने आम आदमी का दर्जा नीचा है वह प्रायः मनमाने तरीके से व्यवहार करता है। कदाचित इसका मूल करण यह है कि हमें अपनी प्रशास संस्कृति ब्रिटिश सत्ता से विरासत में मिली है।

ख. आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रशासनिक संस्कृति में आमूल चूल परिवर्तन करके विकास पर आध जवाबदेह संस्कृति की नींव डाली जाए। इसके लिए प्रशासनिक सुधार आयोग के गठन की आवश्यकता

इं0 कप्तान सिंह
13, कैनाल कालोनी, लखनऊ
दूरभाष : 218868 (आवास), 398162 (कार

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

प्रेरणा के अद्वितीय सितारे

स्वर्गीय चौ० चरन सिंह भारत माँ के इने गिने सपूतों में से एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होने स्वतंत्र भारत में गांव और किसान के उचित स्थान की परिकल्पना ही नहीं की, बल्कि उसको मूर्तरूप दने के लिए गहरे चिन्तन के फलस्वरूप देश की आर्थिक योजना के ठोस व स्पष्ट आधार बताये। वैसे तो आजकल कोई भी दल, उसके कार्यकर्ता व नेतागण ऐसे नहीं हैं जो इनके उत्थान की बात न करते हों, परन्तु उनकी कथनी व करनी में बहुत अन्तर है। वह जो करना भी चाहते हैं वे भी कुछ ठोस कार्य करने में अपने को असमर्थ पाते हैं व दफ्तरों की फाइलों के जाल से निकल नहीं पाते।

इस असफलता के दो मुख्य कारण हैं पहला तो यह है कि हम अपनी योजना के विषय में स्पष्ट नहीं हैं। गोल व लुभावने मुहावरों से कार्य नहीं किया जाता, वे तो जनता को शान्त करने को कहे जाते हैं। दूसरी और पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि योजना जैसी भी हो किन्तु उसका कार्यान्वयन तो सरकारी मशीनरी द्वारा ही होता है।

स्वर्गीय चौ० चरन सिंह ने स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ ही समय पश्चात् इस मशीनरी के पर्याप्त व क्रियाशील होने पर जोर दिया था। उन्होंने तब कहा था कि हमारी राज्य व केन्द्रीय सेवाओं में ग्रामीणों व किसानों का कम से कम पचास प्रतिशत भाग होना चाहिए। कितनी दूरदर्शिता की यह बात तब कही थी, इसको अब हम आज अनुभव कर रहे हैं। इनसे बहुत पहले स्वर्गीय छोटूराम ने भी किसानों व ग्रामीणों को कहा था कि यदि उन्नति करना चाहते हो तो दफ्तरों पर कब्जा करो। उन्होने तो अपने कार्यकाल में इस मशीनरी को ग्रामोन्मुख बनाने का बड़ा प्रयत्न किया व कुछ सीमा तक वे सफल भी हुए। आज हम यह कह रहे है कि देश के बजट का 50 प्रतिशत गांव व कृषि विकास पर लगाया जा रहा है। अपने आप में यह पहले से बहुत बड़ा कदम है परन्तु यदि इसके साथ–साथ राजकीय मशीनरी के सब स्तरों पर हम उसे ग्रामीण आधार व उससे जुड़े हुए व्यक्तियों को नहीं लगायेंगे तो यह कार्यक्रम भी कागज पर ही बन कर रह जायेगा। केन्द्र की सरकार तथा प्रदेशीय सरकार को चाहिये कि जो भी अवसर किसी प्रकार मिले उन्हें इस मशीनरी में इस विचारधारा से व्यक्तियों को फिट करना सुनिश्चित करें। चूंकि सही व्यक्तियों की जानकारी में समय लगता है अतः चाहे पद व अवसर न हो तो भी वे ऐसे व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त करते रहें, ताकि जैसे ही अवसर मिले उनको उचित स्थान पर लगा सकें।

स्वर्गीय चौ० चरन सिंह कहा करते थे कि हम कृषि से ग्रामीण जनता को अधिक से अधिक बाहर निकालें और उन्हें कुटीर व लघु उद्योंगों में लगावें। लेकिन यह तभी संभव हो सकेगा जब कुटीर व ग्रामीण उद्योग लाभकारी हों। इनके द्वारा उत्पादन किये गये सामान का मुकाबला बड़े उद्योगों के उत्पादन से नहीं हो सकता। वे सामान इनसे अच्छा तो बनाते ही हैं और उनकी तुलना में खर्चा भी कम होगा इसलिए कुछ समय बाद कितना ही अनुदान मिले यह ठप हो जाते हैं। अतः उनका यह कहना था कि जो माल कुटीर व लघु उद्योगों द्वारा उत्पादन किया जावे वह माल बड़े उद्योगों द्वारा या तो उत्पादित न हो या वह देश में न बिके। वह केवल निर्यात ही किया जाये। इसका परिणाम यह होगा कि इन उद्योगों के माल की खपत देश में पर्याप्त होती जावेगी और ग्रामीण जनता वाकई बेरोजगारी से छुटकारा पा जावेगी।

इसी सम्बन्ध में एक और सम्भावना हो सकती है। कुटीर व लघु उद्योग द्वारा उत्पादित माल ही बड़े उद्यागों का

कच्चा माल बने व इनका उत्पादन अन्तिम व परिष्कृत बड़े उद्योग प्रारंभिक उत्पादन प्रक्रिया में न करें। इससे भी व लघु उद्योग लाभकारी होंगे और भूमि पर भार कम होता जायेगा।

कृषि के सम्बन्ध में जो मुख्य बात स्वर्गीय चौ० चरन सिंह कहा करते थे वह यह है कि कृषि मूल्य व उद्यो उत्पादिक वस्तुओं की कीमतों में सामान्जस्य बना रहे; जो अनुपात उनकी लागतों में है, वही बना रहे। इसर उत्पादकों के मुल्य लाभकारी बने रहेंगे। यदि औद्योगिक उत्पाद की कीमतों में कृषि उत्पादकों की तुलना में अधि होती है, जैसी हो रही है, तो उन्हें वृद्धि के बावजूद हानि होती जावेगी। यही उनके ऋणी बने रहने का एक का

किसानों के ऋणों की माफी कोई दान स्वरूप नहीं मांगी जाती रही हैं, बल्कि उस हानि को पूरा करने मांगी जा रही है, जो कृषि व उद्योग की कीमतों में असंतुलित वृद्धि के कारण हुई। यह दृष्टिकोण हमारे बजट क माफी की योजना में नजर नहीं आता।

राजेन्द्र फौजदार,
सम्पादक–जाट समाज मासिक पत्रि
सी–20, न्यू आगरा,
आगरा–282 005

स्मारिका

Scanned with OKEN Scanner

प्रशासन तन्त्र की कार्यसंस्कृति में परिवर्तन कर उसे दक्ष व जवाबदेह कैसे बनाया जाय

यह लेख मैं आपको इस आशा एवं विश्वास के साथ लिख रहा हूं कि आप इस पर गम्भीरता से मनन करेंगे और अपने विचारों तथा सुझाओं से अवश्य अवगत करायेंगे।

कदाचित आप इस बात से सहमत होंगे कि आज इस देश का आम नागरिक किसी भी सरकारी अर्द्धसरकारी या स्वायत्तशासी विभाग/संस्था की कार्यप्रणाली से सन्तुष्ट नहीं है। उसकी आम शिकायत है कि अधिकारियों तथा कर्मचारियों का रवैया असहायतापूर्ण है, वे अपने उत्तरदायित्वों के प्रति उदासीन हैं, कार्यों के निष्पादन में जानबूझकर विलम्ब किया जाताहै, व्यवहार में संवेदनशीलता तथा मानवीय दृष्टिकोण का अभाव है। चिन्ता का विषय यह है कि आम आदमी का यह असन्तोष समय के साथ घटने के बजाय बढ़ रहा है। यह तो सही है कि लोकतंत्र में आम आदमी की आकांक्षाएं तथा अपेक्षाएं बढ़ी हैं तथा उन्हें शत-प्रतिशत पूरा किया जाना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। परन्तु यह भी सही है कि सरकारी मशीनरी स्वतंत्रता के 50 वर्ष बाद भी ब्रिटिश सत्ता से विरासत में मिली औपनिवेशिक संस्कृति में परिवर्तन कर आम आदमी की समस्याओं एवं आकांक्षाओं से भावनात्मक तथा मानसिक लगाव स्थापित करने और यह विश्वास उत्पन्न करने में विफल रही है कि वह आम आदमी की समस्याओं के निराकरण एवं हितों की सुरक्षा के लिए सक्षम और तत्पर है, वह शासक नहीं सेवक है।

आज हमारा देश गम्भीर आर्थिक व सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा है। अतः इस समय एक जवाबदेह कार्यसंस्कृति तथा अच्छी कार्यप्रणाली के बिना इन चुनौतियों का प्रभावशाली तरीके से सामना नहीं किया जा सकता क्योंकि चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा स्वीकृत नीतियों और कार्यक्रमों को मूर्तरूप देने एवं क्रियान्वित करने में सरकारी मशीनरी की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। कृषि प्रधान गरीब व विकासशील देश में यह भूमिका और भी बढ़ जाती है क्योंकि राज्य को सामाजिक न्याय व कल्याण के दृष्टिकोण से अनेक कार्यक्रमों के सम्पादन का उत्तरदायित्व भी स्वयं लेना पड़ता है।

प्रायः सेवारत या सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारीगण सरकारी मशीनरी की असफलता की जिम्मदारी राजनैतिक नेतृत्व तथा जनता पर डालकर स्वयं को निर्दोष साबित करने का प्रयास करते हैं। परन्तु न तो यह सही है और न ही व्यावहारिक। प्रशासन तन्त्र के अधिकांश सदस्य भारत के आम आदमी से कहीं अधिक शिक्षित और योग्य हैं। एक गरीब और सुविधाविहीन समाज होते हुये भी इन्हें पर्याप्त मात्रा में सुविधाएं एवं अधिकार मिले हैं। यह ऐसी स्थिति मे भी रहे हैं जहां राष्ट्रीय नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावित किया जा सकता है। आम आदमी की सेवा करने के सबसे अधिक अवसर भी उन्हे मिले हैं। अतः देश के करोड़ों अशिक्षित और गरीब लोगों के जीवन स्तर को उठाने का उत्तरदायित्व भी इन्हीं का था और है।

निश्चित रूप से सरकारी मशीनरी की वर्तमान कार्यसंस्कृति में कहीं न कहीं कोई कमी है। जिसको दूर करने

